21/05/2026

आकाशवाणी ईटानगर

भारत और इटली ने व्यापार, निवेश और सप्लाई-चेन की मजबूती को बढ़ावा देने के लिए इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर (IMEC) को आगे विकसित करने पर सहमति जताई है। एक संयुक्त बयान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी ने IMEC पर सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और इसे वैश्विक व्यापार, कनेक्टिविटी और समृद्धि को नया स्वरूप देने वाली परिवर्तनकारी पहल बताया। दोनों नेताओं ने परियोजना से जुड़ी प्रारंभिक चर्चाओं की सराहना करते हुए 2026 में होने वाली पहली IMEC मंत्रिस्तरीय बैठक में इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने का आह्वान किया।

0000000000000000000000000000

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्या एम. सिंधिया ने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांदू के साथ अष्टलक्ष्मी राज्यों के लिए USP पहल के अंतर्गत “प्रोजेक्ट कीवी” का शुभारंभ किया। सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से श्री सिंधिया ने जानकारी दी कि एक सौ सड़सठ करोड़ रुपये का यह मिशन किसानों को सशक्त बनाने के साथ ही मूल्य श्रृंखला और प्रसंस्करण अवसंरचना को मजबूत करेगा तथा कीवी की शेल्फ लाइफ को सात से दस दिनों से बढ़ाकर

लगभग पैतालीस दिनों तक करेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल कम मूल्य वाले उत्पादों को फ्रीज़-ड्राइड कीवी, जूस और कैंडी जैसे प्रीमियम उत्पादों में परिवर्तित करेगी, जिससे स्थानीय समुदायों को अधिक लाभ प्राप्त होगा।

0000000000000000000000000000

चौधह दोईमुख विधानसभा क्षेत्र के विधायक नाबाम विवेक ने आज अपने निजी संसाधनों से गुमतो सर्किल ऑफिसर कार्यालय को एक नई बोलेरो वाहन भेंट की। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जमीनी स्तर पर प्रशासनिक कार्यकुशलता सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है और उन्होंने जनकल्याण के लिए कार्य कर रहे सरकारी कार्यालयों को निरंतर सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने जानकारी दी कि निकट भविष्य में सांगदुपोता और तारासो सर्किल क्षेत्रों को भी इसी प्रकार की सहायता प्रदान की जाएगी।

0000000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने राज्यभर के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों को आधिकारिक रूप से सख्त “तंबाकू-मुक्त क्षेत्र” घोषित किया है। यह निर्देश सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (COTPA) 2003 के प्रावधानों के तहत लागू किया गया है। यह आदेश गत उन्नीस मई 2026 से राज्य

के सभी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-केंद्रों, मेडिकल कॉलेजों तथा प्रत्येक जिले के निजी स्वास्थ्य संस्थानों पर लागू होगा। इस बीच स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने सभी नागरिकों, मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों से इस पहल को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

0000000000000000000000000000

निरजुली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पशुधन टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत आन्या रायो, दिक्रोङ और आसपास की कॉलोनियों को शामिल किया गया है। वेटरनरी एड सेंटर द्वारा आयोजित इस अभियान का उद्देश्य फुट एंड माउथ डिजीज, क्लासिकल स्वाइन फीवर तथा पेस्ट देस पेटिट्स रूमिनेंट्स जैसी बीमारियों से पशुओं की सुरक्षा करना है। अभियान के दौरान सहायक पशु चिकित्सक पारो के. ताचा ने समुदाय को पशु स्वास्थ्य की सुरक्षा में इस अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी। इस बीच श्री ताचा ने स्थानीय पशुपालकों, PRI नेताओं और स्वयं सहायता समूहों से पूर्ण सहयोग देने तथा टीकाकरण के दौरान पशुओं को नियंत्रित रखने में मदद करने की अपील की।

0000000000000000000000000000

नामसाई उपायुक्त सी.आर. खाम्पा ने आज नामसाई में “सब-नेशनल मलेरिया एलिमिनेशन वेरिफिकेशन” पर आयोजित तीन दिवसीय

क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वर्ष 2022 से स्वदेशी मलेरिया मामलों को शून्य बनाए रखने वाले जिलों को तैयार करना और मान्यता देना है। प्रशिक्षण में उन सभी 19 जिलों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिन्होंने स्वदेशी मलेरिया मामलों को शून्य बनाए रखा है।

0000000000000000000000000000

अपर सियाङ उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारी तालो जेराङ ने आज यिंगकिओंग स्थित डीसी कार्यालय कॉनफ्रेंस हॉल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर एक बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अरुणाचल प्रदेश में SIR प्रक्रिया की प्रमुख विशेषताओं, आवश्यकता, प्रक्रिया और समय-सारणी पर प्रकाश डाला। उन्होंने पुनरीक्षण प्रक्रिया के सफल संचालन में राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए पार्टी प्रतिनिधियों को आपस में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने तथा बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की सलाह दी, जो पूरी SIR प्रक्रिया के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों की सहायता में अहम भूमिका निभाएंगे।

0000000000000000000000000000

सियाङ अपर मल्टीपर्पज़ प्रोजेक्ट की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत कल अरुणाचल प्रदेश के सियाङ ज़िला स्थित सिताङ गांव के निवासियों द्वारा एक अतिरिक्त समझौता ज्ञापन यानी एमओयू पर

हस्ताक्षर किए गए। औपचारिक हस्ताक्षर समारोह बोलेङ मुख्यालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में आयोजित हुआ। परियोजना के प्रति समुदाय के बढ़ते और मजबूत समर्थन को दर्शाते हुए सितांग गांव के बारह अतिरिक्त परिवारों ने परियोजना की प्रस्तावित प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट के लिए औपचारिक रूप से एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

000000000000000000000000000